सीएमएस आयोजित करेगा महोत्सव

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

सीएमएस छठवां अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण और वाइल्ड लाइफ फिल्म महोत्सव का आयोजन कर रहा है। इस महोत्सव को सीएमएस वातवारण नाम दिया गया है। पांच दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 114 फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

श्याम बेनेगल, प्रकाश झा, जॉन सिंह, डा. जॉर्ज स्कॉलर सरीखी हस्तियां इस समारोह में भाग लेगी। इस महोत्सव को शुरू करने का मकसद लोगों में पर्यावरण और उससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। खासकर युवाओं को पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी देना है।

महोत्सव में बच्चों के अंदर जागरूकता पैदा करने के लिए बाल फिल्मों, एनीमेशन फिल्म का आयोजन नेशनल साइंस सेंटर में किया जाएगा। इसके अलावा फिल्म फिल्म एडिटिंग और फिल्म मेकिंग को लेकर वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा।